झारखण्ड सरकार
मुख्यमंत्री सचिवालय

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

संख्या-**175/2019** *राँची,दिनांक–23.02.2019*

मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास आज आदित्यपुर शहरी जलापूर्ति योजना एवं अन्य विकास योजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लिया

24 फरवरी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना

पिछले **68** साल से विकास के नाम पर भोली भाली जनता को छलने का काम ही हुआ। पिछले **4** साल में हमने सभी वर्गों की सुध ली

--रघुवर दास, मुख्यमंत्री

आदित्यपुर, सरायकेला खरसावां/रांची- पिछले 68 साल से विकास के नाम पर भोली भाली जनता को छलने का काम ही हुआ। झारखंड में आदिवासियों को सब ने भगवान भरोसे छोड़ दिया था। पिछले 4 साल में हमने सभी वर्गों की सुध ली। आदिवासियों के विकास के लिए--आदिवासियों के सम्मान के लिए काम किया। सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिए आर्थिक रूप से पिछड़े हुए सवर्णों के लिए भी 10% का आरक्षण दिया अब तक सब गरीब का पैसा लूटते रहे हम ने गरीबों का पैसा सीधे उनके अकाउंट में भेजा। यह सब संभव हुआ देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विज़न से-- उनके प्रयासों से। पहली बार एक गरीब परिवार का बेटा देश का प्रधानमंत्री बना और वह भी देश की जनता ने पूर्ण बहुमत देकर उन्हें देश के प्रधान सेवक बनाया। 2014 में झारखंड की जनता ने भी पूर्ण बहुमत की सरकार दी और हमने भी पूरी शिद्दत और इमानदारी से झारखंड के विकास के लिए मुख्य सेवक के रूप में स्वयं को समर्पित किया। उक्त बातें मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने आदित्यपुर शहरी जलापूर्ति योजना एवं अन्य विकास योजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास के अवसर पर संबोधित करते हुए कहीं।

24 फरवरी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना

मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के दर्द को समझते हुए, उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए और उनकी आय को दोगुना करने के प्रयासों के सिलसिले में 24 फरवरी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना शुरू कर रहे है. इस योजना से झारखंड के 22 लाख 76 हजार किसानों को लाभ मिलेगा. इस योजना का लाभ 2 हेक्टेयर तक भूमिधारी वाले लघु और सीमांत किसानों को मिल सकेगा. हर 4 महीने पर ₹2000 की 3 किस्त लाभुक किसानों को दी जाएंगी. यह सम्मान राशि किसानों को सीधे डीवीटी के माध्यम से उनके बैंक अकाउंट में ट्रांसफर किए जाएंगे. मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और मुख्यमंत्री कृषि आशीर्वाद योजना से राज्य के 1 एकड़ जमीन वाले किसानों को ₹11000 तथा 5 एकड़ जमीन वाले किसानों को प्रति वर्ष ₹31000 सरकार मिलेगा.

महिलाएं ही राज्य की वास्तविक शक्ति

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सुकन्या योजना से बाल विवाह पर रोक एवं ड्रॉपआउट समाप्त होगा. बेटियों के जन्म से लेकर उनकी शादी के उम्र तक राज्य सरकार द्वारा 70 हजार की वित्तीय सहायता राशि दी जाएगी. बच्चियों के पढ़ाई लिखाई के लिए राज्य सरकार ₹40 हजार एवं बेटियों के शादी के लिए मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत ₹30 हजार रुपये उपलब्ध करा रही है. मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना के तहत प्रत्येक परिवार के दो बेटियों को इस योजना का लाभ मिल सकेगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी बच्चियां आगे पढ़े और बढ़े। महिलाओं को हमारी सरकार ने राज्य की शक्ति बनाया है। सखी मंडलों का गठन हुआ और महिलाओं को सशक्त किया। अंडा पालन बकरी पालन सूकर पालन जैसी योजनाएं दी गई। हमारा संकल्प है कि अब कोई भी गरीब ना रहे । महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए 50 लाख की संपत्ति महिलाओं के नाम पर रजिस्ट्री करने पर ₹1 ही शुल्क लगता है। यह एक ऐतिहासिक कार्य है। अब तक 1,22000 से अधिक महिलाओं ने इसका लाभ लिया है।

2020 तक कोई भी बेघर ना रहे

2020 तक कोई भी बेघर ना रहे, चाहे गांव हो या शहर, कहीं भी कोई बेघर न रहे। हमने यह वादा किया है-- हमने यह संकल्प लिया और हम इस संकल्प को पूरा कर रहे हैं।

राज्य के नगर विकास मंत्री श्री सी पी सिंह ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा राज्य में मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास के नेतृत्व में विकास को अभियान के रूप में चलाया जा रहा है सभी योजनाओं का लाभ विकास की राह में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है उन्होंने अपील किया कि राज्य के

निर्माण में सब मिलकर सारी भूमिका निभाएं युवा अपनी ऊर्जा बचा कर रखें कौशल विकास कर वे देश के लिए महत्वपूर्ण योगदान दें।

लोकसभा के सांसद श्री लक्ष्मण गिलुवा ने कहा कि आदित्यपुर क्षेत्र के लंबे समय से की जा रही मांग को आज पूरा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री इसके लिए धन्यवाद के भागी है। उन्होंने पिछले 4 साल में पाइपलाइन के द्वारा राज्य के गांव गांव में -- शहरों में और पहाड़ी क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल पहुंचाया है और बाकी जगहों पर पहुंचाया जा रहा है। इन सब का लाभ आमजनता को मिल रहा है।

आदित्यपुर के महापौर श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आदित्यपुर के विकास में मुख्यमंत्री जी की विशेष रूचि और उनके योगदान को यहां की जनता भुला नहीं सकेगी। आदित्यपुर धीरे धीरे विश्वस्तरीय सिंगापुर की तरह विकसित होगा और यह सब मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास जी के प्रयासों से ही होगा।

सचिव नगर विकास श्री अजय कुमार सिंह ने अमृत योजना, निःशुल्क कनेक्शन तथा वाटर मीटर तथा शहरी आवास योजना की जानकारी दी।

इस अवसर पर नगर विकास और जिला स्तर की कुल ₹ 568.96 करोड़ की 48 योजनाओं का शिलान्यास हुआ।मुख्यमंत्री ने अमृत योजना, पी एम आवास (शहरी), ग्रामीण कार्य विभाग की योजना तथा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग (ग्रामीण) सहित जिला की योजनाओं का शिलान्यास किया। अंत्योदय योजना के लाभुकों को परिसंपत्ति, आवास योजना के लाभुकों को आवास की चाभी तथा महिला लाभुकों के बीच सिलाई मशीन का वितरण भी किया गया।

इस अवसर पर नगर विकास मंत्री श्री सी पी सिंह, सांसद श्री लक्ष्मण गिलुवा, सांसद विद्युत वरण महतो, विधायक इचागढ़ श्री साधु चरण महतो, आदित्यपुर नगर निगम के महापौर श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव, नगर विकास सचिव श्री अजय कुमार सिंह, नगर पंचायत सरायकेला की अध्यक्षा श्रीमती मीनाक्षी पटनायक एवं सरायकेला खरसांवा के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक उपस्थित थे।

###

===================

#TeamPRD(CMO/SARAIKELA KHARSAWAN)